।।कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार, जोधपुर(पूर्व)।।

प्रेस–नोट

दिनांकः–31.03.2024

➤ थाना सदर बाजार, में जनसहभागिता शिविर आयोजित ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय श्री राजेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जोधपुर कमिश्नरेट के प्रत्येक थाना क्षैत्र में जनसहभागिता शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज के रोज श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय श्री राजेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं श्रीमान् पुलिस उपायुक्त महोदय जोधपुर (पूर्व) श्री आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पुलिस थाना सदर बाजार के सुनारो का बास क्षैत्र में क्षैत्र के सम्मानित मौजिज व्यक्तियो व प्रबुद्वजन की मौजुदगी में जन सहभागिता शिविर का आयोजन किया गया । आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर पुलिस –जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने में जन–सहभागिता शिविर महत्वपूर्ण भुमिका अदा कर रहे है । जन सहभागिता शिविर में क्षैत्र के निवासियो की समस्याओं को सुना जाकर समाधान के प्रयास किये जा रहे है । क्षैत्र के निवासियो की समस्या अन्य विभाग से संबंधित होने पर भी संबंधित विभाग को समस्या से अवगत करवाया जाकर समाधान के प्रयास किये जा रहे है। विदित है कि पूर्व में भी सदर बाजार क्षैत्र में प्रबुद्वजन एवं व्यापारियो की सहभागिता एवं सहयोग से सार्थक प्रयास किये जाकर नई सडक व आस पास क्षैत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाकर चौकी सोजती गेट से उक्त सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग की जाकर असामाजिक तत्वो पर निगरानी की जा रही है । श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय श्री राजेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आगामी दिनो में भी त्रिपोलिया एवं घोडो का चौक क्षैत्र में प्रबुद्वजन एवं व्यापारियो की मीटींग ली जाकर सीसीटीवी कैमरो से निगरानी हेतु बेहतर समन्वय के प्रयास जारी रखे जायेगे ।

भवदीय
सही/–
(दयालाल चौहान नि0पु0)
थानाधिकारी
पुलिस थाना सदर बाजार
जोधपुर पूर्व।